तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जनवरी 2024

13 विहंगम योग संत समाज ने किया विश्व शांति वैदिक...



13 दीपावली की तरह सजेगा नगर कारसेवकों...





## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की हुई बैठक



**चारामा।** पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक जिला अध्यक्ष नरहर सिंह राठौर और तहसील अध्यक्ष कन्हैया सिह ठाकुर की अध्यक्षता मे पेंशन भवन में 4 जनवरी को हुई। बैठक में आगामी गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर चर्चा किया गया और अपनी समस्याओ को लेकर मुख्यमंत्री से समय लेकर रायपुर में मिलने जाने पर चर्चा किया गया। बैठक में शिव प्रसाद नेताम, हिरालाल साहु, लीलाराम सेन, अवधिया नागराज, पुराण सिंह तेता, गजानंद प्रसाद जैन, सेवा राम सिन्हा, रमेश टांडिया, भुनेश्वर नेताम, दया राम रजक, गोपाल प्रसाद, लीलाराम नेताम, अमृत लाल कांगे व एमएल उसेंडी उपस्थित रहें।

### 15 जनवरी तक कर सकते हैं ऑनलाईन पंजीयन

**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, वे 15 जनवरी तक ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं उच्चतर) के आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है, जिसके अंतर्गत विभाग द्वारा ऑनलाईन आवेदन के लिए 15 जनवरी 2024 तक तिथि निर्धारित है। ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने के लिए 25 जनवरी और स्वीकृति आदेश लॉक करने के लिए 10 फरवरी 2024 तक अंतिम तिथि निर्धारित है।

### फांसी लगाकर अधेड़ ने दी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी 43 वर्षीय प्रमोद यादव पिता भगवान यादव ने 3 जनवरी कि शाम 5 बजें अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया क मृतक शराब पीने का शौकिन था। घर के अंदर गमछा से फंदा बनाकर फांसी में झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम घोटिया निवासी 70 वर्षीय घुरऊराम की कुंआ में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस फुलेश्वरी और महेश को चार लाख रूपएं, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम कोटवारपारा जनकपुर निवासी कुंवरसिंह की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित फुलुराम और कमला कोरेटी को चार लाख रूपएं, बांदे तहसील के ग्राम सिरपुर निवासी कुमारी हासिदास की आग में जलने से मृत्यु होने पर माता-पिता हर्षित और अंजली दास को चार-चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार द्वारा हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से किया जाएगा।

### दिशा की बैठक स्थगित

**कांकेर।** लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री मोहन मंडावी की अध्यक्षता में 05 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को आयोजित होने वाली जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित हो गई है। आगामी बैठक की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी वार्डों में निकल रही प्रभात फेरी, बांट रहे अक्षत व निमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के सभी वार्डों में लगातार सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकल रही है और शाम को महिलाएं भजन करते हुए लोगों के घर पहुँचकर आमंत्रण दिया जा रहा है। प्रभात फेरी प्रतिदिन कहीं पर सुबह 5 बजे, 6 बजे व 7 बजे निकल रही है। रैली में शामिल महिलाएं प्रमुख रुप से घरों में दीपक जलाने, रंगोली, मंदिरों को आकर्षक बनाने, भजन कीर्तन प्रसाद वितरण के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

प्रभात फेरी में शामिल लोगों का कहना है कि हम सबका सौभाग्य है कि हमारे जीवनकाल में भारतीय जनमानस के केन्द्र बिन्दु मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम 22 जनवरी को अयोध्या में विराजित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक पल को भव्य बनाने एवं एकबार पुनः दीवाली जैसा उत्सव मनाने के लिए सब जुट जाए। सभी को प्रभु श्रीराम का आमंत्रण हम सभी के लिए अयोध्या से अक्षत के रुप में आया है, इसे स्वीकार करते हुए 22 जनवरी को सभी अपने घरों एवं मोहल्लों को अयोध्या की तरह सजाएं। प्रभातफेरी के दौरान प्रभु श्री राम जी की वंदना स्वर गूंज रहे हैं। कई दिनों से लगातार प्रभातफेरी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें केसरिया पताका के साथ रामभक्त जय श्रीराम का उद्घोष करते डोर-टू-डोर संपर्क कर रहे हैं। आमजन को निमंत्रण के साथ पत्रक वितरण दिया जा रहा है। लोगों के घरों पर श्री रामलीला महोत्सव का स्टीकर भी लगाया जा रहा है। प्रभातफेरी में स्थानीय लोगों को भी शामिल किया जा रहा है।

### दीपक जलाकर और रंगोली सजाकर किया जा रहा स्वागत





### अक्षत व निमंत्रण पत्रिका बांटे गए

श्रीराम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्रिका का वितरण कई दिनों से कांकेर शहर के सभी वार्डों में जारी रहा। स्वयंसेवकों की ओर से प्रभात फेरी निकलकर शहर के माहुरबंदपारा, सिविल लाईन, जवाहर वार्ड व अन्य वार्डों में पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्रिका बांटे गए।

**तैयारी :** नवपदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कार्यभार संभाला, शासकीय कार्यालयों का किया निरीक्षण

## लोकसभा चुनाव तैयारी का बजा बिगुल एवं कल से दावा-आपत्ति


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शासन की सभी योजनाओं के क्रियान्वयन पर रहेगा फोकस
- कलेक्टर ने मीडिया से बात करते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की दी जानकारी

लोकसभा चुनाव की तैयारी का विगुल बज गया और कल 6 जनवरी से दावे व आपत्ति कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जो 22 जनवरी तक चलेगा। इसके अलावा विशेष शिविर का अयोजन 13 एवं 14 जनवरी को आयोजित होगा वहीं 2 फरवरी को दावे आपत्तियों का निराकरण होगा और डाटाबेस अपडेट करने एवं पूरक सूची का प्रकाशन 6 फरवरी को, और फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को होगा। नवनियुक्त कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए ▶▶|शेष पेज 12 पर



### नवनियुक्त कलेक्टर ने सभी शाखाओं का लिया जायजा



जिले के नवपदस्थ कलेक्टर ने 4 जनवरी को कार्यभार ग्रहण के उपरांत जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कोर्ट, अपर कलेक्टर कक्ष एवं कलेक्टोरेट स्टाफ कक्ष, नजूल शाखा, स्थानीय निर्वाचन एवं सामान्य निर्वाचन, भू-अभिलेख शाखा, अभिलेखागार, डायवर्सन शाखा, एसडीएम कार्यालय, जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय, खनिज विभाग, आदिवासी विकास विभाग, जिला विपणन अधिकारी, खाद्य अधिकारी, जनसम्पर्क कार्यालय, सभाकक्ष सहित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया।



### नवपदस्थ कलेक्टर ने ग्रहण किया कार्यभार

जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 4 जनवरी को कलेक्टर का कार्यभार संभाल लिया है, वे कांकेर जिले के 21 वें कलेक्टर हैं। नवनियुक्त कलेक्टर 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। जिले के कलेक्टर का कार्यभार ग्रहण करने के पहले छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग के संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ थे। इसके पूर्व कलेक्टर जिला नारायणपुर, प्रबंधक संचालक छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी), मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर विकास प्राधिकरण, संचालक भू-अभिलेख, संयुक्त सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, प्रबंधक संचालक पाठ्य पुस्तक निगम तथा मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तौर पर अपनी सेवाएं दी हैं।

## बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए चल रही कार्यशाला में पहुँचे विधायक, ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10 वी एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिले में संचालित हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तर पर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यरत विषय विशेषज्ञ व्याख्याता के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में किया गया, प्रशिक्षण का अवलोकन विधायक आशाराम नेताम ने किया।

बीएड कॉलेज के निरीक्षण अवसर पर पहुँचे विधायक आशाराम नेताम ने प्रशिक्षणरत व्याख्याता से प्रशिक्षण के उद्देश्य और परीक्षा की तैयारी की जानकारी ली और आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे परिणाम को प्राप्त करने प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं आप हर बच्चों को सफलता की सीढ़ी पर सफल होने सहयोग कर अपना पूरा योगदान देवे और जिले का नाम रोशन करें। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने बताया कि दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में बच्चों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत प्राप्त लाने के लिए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट के आधार पर कक्षा दसवीं की अंग्रेजी, विज्ञान, गणित एवं कक्षा 12 वीं के भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और वाणिज्य विषय मे अंक विभाजन के साथ पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण प्रश्न, बिंदुओं के बारे में प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को बताया गया।

प्रशिक्षण सत्र में सहायक संचालक प्रकाश सेन एवं दीपक ठाकुर खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चों में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## बिहान योजना से ममता को मिला रोजगार, समूह से जुड़कर आर्थिक रूप से हुई आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मावलीपारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से लाभान्वित होने वाले ग्रामीण महिलाओं ने अपनी बात रखी।

मावलीपारा निवासी ममता साहू ने बताया कि वह जय मां लक्ष्मी महिला स्वसहायता समूह से जुड़ी है, तब से उनके जीवन में काफी बदलाव आया है। साथ ही बिहान योजना अंतर्गत जीविकोपार्जन का साधन मिलने से आत्मनिर्भर होकर अपने व अपने परिवार का पालन-पोषण में सहयोग करने में सक्षम हो गई है। बिहान ▶▶|शेष पेज 12 पर

## मॉडल कॉलेज में वार्षिकोत्सव के अवसर पर हुईं खेल प्रतियोगिताएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में 3 जनवरी से वार्षिकोत्सव के अंतर्गत खेलकूद में कैरम व चैस प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जो तीन दिनो तक चला।

तीन दिवसीय प्रतियोगिता के शुभारंभ एनएसएस के छात्र-छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण की सफाई कर किया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार साहू द्वारा माता सरस्वती की पूजा-वंदना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। चैस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरमान शर्मा, द्वितीय स्थान पूजा पटेल एवं तृतीय स्थान यशस्वी खांडे ने प्राप्त किया वहीं कैरम प्रतियोगिता में भव्य गाँधी व मयंक साहू विजेता ▶▶|शेष पेज 12 पर

## संकल्प यात्रा के दौरान कृषकों के लिए ड्रोन से दवा का छिड़काव करने की किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



कृषि विज्ञान केन्द्र व कृषि विभाग के द्वारा 4 जनवरी को किसानो को ड्रोन से छिड़काव करने कि तकनीकि की जानकारी दिया गया। कृषि क्षेत्र मे नई तकनीको के माध्यम से खेती के पद्वित में बदलाव लाने के उद्देश्य से विकासखण्ड चारामा मे ड्रोन तकनीकि का प्रदर्शन किया गया।

ग्राम पंचायत किलेपार एवं ग्राम जेपरा में संकल्प यात्रा में ड्रोन के द्वारा सरसों एवं गेंहू फसल पर नेनो युरिया, नेनो डीएपी का छिड़काव कृषक बिन्दे सिंह कोर्राम के खेत में छिड़काव किया गया। इस प्रदर्शन को देखने के लिए किसानो में भारी उत्साह देखने को मिला। कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी राजकुमार सिन्हा ने बताया कि ग्राम किलेपार में जनपद अध्यक्ष अरूण मरकाम के उपस्थिति मे ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार से ग्राम जैसाकर्रा, दरगहन, जेपरा मे भी ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कर प्रदर्शन किया गया। फसलों में ड्रोन के माध्यम से नेनो युरिया एवं नेनो डीएपी कीटनाशक तथा फंफूद नाशक दवा का छिड़काव आसानी से किया जा सकता है। ड्रोन से पारंपरिक विधियो की तुलना मे अधिक क्षेत्र मे खाद एवं दवाई का छिड़काव किया जा सकता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. सीएल ठाकुर ने बताया कि यह हवा मे प्रदोक्षण कमी के साथ साथ मृदा पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। इसके उपयोग से फसलो को उर्वरक व दवाई समान रूप से छिड़काव होता है। आधुनिक कृषि युग मे नवीन तकनिकी का ▶▶|शेष पेज 12 पर

**45 युवक व युवतियों को 30 दिवसीय कंप्यूटर कोर्स का प्रशिक्षण मिला**

## अतिसंवेदनशील इलाकों के बच्चों को एसएसबी बना रहा आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया



28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ द्वारा सीओबी मासबरास, अंतागढ़ और गोंडबिनापाल के 45 युवक व युवितयों को 30 दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर प्रमाण पत्र दिया और उनको कार्य करने के लिए आत्मनिर्भर बनने का मौका दिया वहीं प्रशिक्षण लेने वालों का कहना था कि एसएसबी के इस प्रयास से जो प्रशिक्षण मिला है, इससे हमारे जीवन में बदलाव आना तय है।

कमांडेंट अरविंद कुमार ने बताया कि यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय व मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुसार नागरिक कल्याण कार्यक्रम व मानव संसाधन एवं कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगति प्रशिक्षण संस्था जुनवनी, भिलाई, दुर्ग के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण4 दिसंबर से 4 जनवरी 2024 तक चला, जिसमें युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। 28 वीं वाहिनी के कमांडेंट ने प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को बताया की सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व का पालन करते हुए रावघाट रेल्वे प्रोजेक्ट की सुरक्षा के साथ-साथ अपने कार्य क्षेत्र में आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भारत सरकार व गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार मानव संसाधन एवं विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के स्वरोजगारउन्मुखी प्रशिक्षण का आयोजन करती रहती है और वाहिनी द्वारा अभी तक लगभग एक हजार से ज्यादा युवक व युवतियों को भिन्न भिन्न प्रकार के स्वरोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिए गए हैं। प्रशिक्षण से युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके एवं वे स्वावलंबी बन सकें। आयोजित समापन कार्यक्रम में 28 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अंतागढ़ के उप कमांडेंट, अधीनस्थ अधिकारी और जवानों के अलावा प्रगति प्रशिक्षण संस्था जुनवानी, भिलाई, दुर्ग के प्रशिक्षक दल और प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहें।

### जिला साहू समाज की राजिम जयंती की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**कांकेर।** साहू समाज के आराध्य देवी संत राजिम भक्तिन की जयंती 7 जनवरी धर्म नगरी राजिम में होना है। प्रदेश साहू संघ प्रदेश उपाध्यक्ष मधु गजपाल, चंद्रिका साहू, गौरीशनकर साहू,परिक्षेत्रीय सदस्य जयंती साहू एवं जिला अध्यक्ष गोविन्द साहू के अध्यक्षता में जिला साहू सदन में बैठक ▶▶|शेष पेज 12 पर

हरिभूमि

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बच्चों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार तथा अम्बा शाह व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के कुशल नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता तथा सुनील कुमार मरकाम पीएलव्ही के द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दहिंकोगा के राष्ट्रीय सेवा योजना ग्राम बनउसरी जिला कोण्डागांव में लगे सात दिवसीय कैम्प में विधिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित बच्चों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को बताते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, तथा पीड़ितों को राहत देने, और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में, व बाल मजदूरीध्निषेध अधिनियम 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने में काम में नहीं लगाने अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, गुड टच बैड टच, पॉक्सो एक्ट, पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में पदत नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे में तथा माता–पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण–पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 संबंध में व निःशुल्क अधिवक्ता की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पी.एल.व्ही. पारेश्वर देवांगन ज्योति देवांगन प्रभारी एवं स्कूल के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप




### पेड़ से टकराई बाइक दो युवक घायल

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोपरा जंगल मे बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें फरसगांव अस्पताल से जिला अस्पताल रिफर किया गया। जानकारी अनुसार ओडिशा के ग्राम हिर्री निवासी नवलु नेताम और दसरथ नेताम यह दोनों फ़रसगांव से निजी कार्य करने के बाद बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे थे, घर जाने के दौरान ग्राम कोपरा जंगल के पास इनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में नकुल नेताम गंभीर रूप से घायल हुआ है औऱ दशरथ नेताम को मामूली चोट आई है। दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से फरसगांव अस्पताल उपचार के लिए लाया गया, प्राथमिक उपचार में बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### कुम्हारबड़गांव में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता

**फरसगांव।** बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक विकास हेतु खेलकूद व अन्य गतिविधि का आयोजन समय-समय पर किया जाना है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके, इस उद्देश्य के लिये विकासखंड शिक्षा अधिकारी फ़रसगांव टीडी नेताम के मार्गदर्शन में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन फ़रसगांव ब्लॉक के ग्राम कुम्हारबडगांव में सरपंच सुकलू राम नेताम की अध्यक्षता में विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस आयोजन मे 4 संकुल अंतर्गत 24 स्कूलों के 203 छात्र छात्राओं सहित शिक्षक पहुचे हुए हैं। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रमुख खेल गतिविधि में खो-खो, कबड्डी, रिले रेस, दौड़, लम्बी कूद , ऊची कूद, बॉलीबॉल, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल हैं। इन गतिविधियों में प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर बच्चे बहुत उत्साहित महसूस कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता का समापन 05 जनवरी शुक्रवार को मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य शिवलाल मंडावी की उपस्तिथि में किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने में ज़ोन प्रभारी सोहन सिंह पोयाम, सीएससी सुनहेर नेताम, माधव कुमार अटलखाम, सनत मरकाम सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं अपना योगदान दे रहे हैं।

## आवेदक आवेदन पत्र के लिए कार्यालय में पहुंच रहे

# फरसगांव परियोजना कार्यालय के कर्मचारी पर आवेदन पत्र विक्रय करने का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कार्यालय एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना फरसगांव की अंतर्गत आने वाले कोसापारा, बानगांव, सिरपुर, जैतपुरी आदि आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। चॉइस सेंटर व अन्य जगहों पर आवेदन पत्र नहीं मिलने से आवेदक आवेदन पत्र के लिए कार्यालय में पहुंच रहे, आवेदकों को परियोजना कार्यालय फरसगांव के कर्मचारी द्वारा 50 रुपए शुल्क लेकर आवेदन पत्र विक्रय करने का मामला गुरुवार को सामने आया। पीड़ित आवेदक ने दावा किया गुरुवार को वह आवेदन लेने फरसगांव एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में गया, आवेदन फार्म की मांग करने पर कार्यालय में बैठे कर्मचारी ने आवेदन फार्म देने के लिए 50 रुपए राशि की मांग की, राशि को कर्मचारी ने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करने की बात कही। जिसके बाद पीड़ित ने 50 रुपए देकर आवेदन तो खरीद लिया, लेकिन कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा उसको 50 रुपए देने का रसीद नहीं दिया गया। पीड़ित के मुताबिक खुले बाजार में आवेदन पत्र महज 20 रुपए में मिल रहा, जिसमे तीन पन्ने का आवेदन पत्र के साथ तीन लिफाफा व गरीबी रेखा प्रमाण पत्र भी संलग्न रहता है, जबकि कार्यालय द्वारा 50 रुपए की दर पर आवेदन पत्र के साथ एक लिफाफा और मात्र दो पेज का आवेदन पत्र, जिसमें गरीबी रेखा प्रमाण पत्र भी संलग्न नहीं ,आधे अधूरे आवेदन पत्र को विक्रय किया जा रहा है. इस सम्बन्ध में वृंदा देवांगन, परियोजना अधिकारी एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना फरसगांव से बात करने पर उन्होंने अस्पताल में एडमिट रहने से जानकारी देने में असमर्थता जताई। वही फ़रसगांव परियोजना के यादव बाबू से फोन पर बात करने पर उन्होंने कहा कि स्टेशनरी में आवेदन फार्म मिल रहा है, लेकिन जो लोग हमारे ऑफिस में आकर फार्म मांगते हैं तो उन्हे मजबूरन आवेदन फार्म दे रहे है। ऑफिस के कागज का उपयोग होने के चलते उन्हें अनुमानित 50 रुपए लिया जा रहा है। फार्म के बदले रसीद नहीं देने की बात पर यादव बाबू ने कहा कि अगर कोई ऑफिस रसीद मांगेगा तो हम रसीद दे देंगे।




# वनाधिकार पत्र बनाने राशि लेने का आरोप, पीड़ितों ने तहसीलदार से की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

वनाधिकार पत्र बनाने के नाम पर ग्रामीणों से राशि लेने का मामला बड़ेराजपुर जनपद अंतर्गत ग्राम बासकोट से सामने आया, पीड़ितों ने मामले की तहसीलदार बड़ेराजपुर से शिकायत की है। बासकोट निवासी पीड़ित कुंवर वैध, तुकाराम, सोनाराम आदि के मुताबिक वे सभी जिस जमीनों पर पिछले कई वर्षों से खेती करते आ रहे हैं, जमीन का पट्टा नहीं होने से उन्हें काफी परेशानी होती है, सरकार द्वारा वर्षों से काबिज भूमि का अधिकार पत्र देने की जानकारी होने के बाद उन्होंने अधिकार पत्र के लिए पंचायत में आवेदन किया, पंचायत से संबंधित कुछ लोगों ने उन्हें अधिकार पत्र बनाकर देने की बात कही और जिओ टैग कराने के नाम पर सभी ग्रामीणों से अलग-अलग राशि मांग लिए। प्रत्येक ग्रामीण ने गांव के ही राजेश नामक व्यक्ति को लगभग पांच माह पहले 500 से 1500 रुपए तक राशि दिए है, लेकिन हममें से किसी भी व्यक्ति को आज तक अधिकार पत्र नहीं मिला है, जिससे हम काफी चिंतित है, हमने तहसीलदार बडेराजपुर से मामले की शिकायत भी की है।

**जांच करेंगे**

आवेदन मिला है, मामले की जांच कर राशि वापस कराया जाएगा। वनाधिकार पत्र बनाने के लिए राशि लेने का कोई प्रावधान नहीं है।
सुशील कुमार भोई, तहसीलदार बड़ेराजपुर (विश्रामपुरी )

# लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीएम ने बीएलओ की बैठक ली, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव



आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर फरसगांव एसडीएम अनिकेत साहू के द्वारा बीएलओ की बैठक ली गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर सभी बीएलओ को अपने अपने कार्यो को पूर्ण करने निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम अनिकेत साहू ने उपस्थित बीएलओ से कहा कि ऐसे 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवक-युवतियों के नाम, गांव में शादी करके आये हुए लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और जिनकी मृत्यु हो चुकी है या जिनकी शादी होने के बाद गाँव छोड़कर चले गए हैं उन लोगों का नाम मतदाता सूची में काटने के निर्देश दिया गया। इस कार्य को 06 जनवरी से प्रारम्भ करने को कहा गया। अपने अपने पंचायतों में घर घर जा कर सर्वे करे और मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ने औंर काटने का कार्य करें। इस कार्य को सभी अपने केन्द्रों में रोजाना रहकर करें ताकि संबंधित बीएलओ को अपना कार्य पूरा करने में कोई परेशानी उत्पन्न ना हो और चुनाव से पहले नवीनतम मतदाता सूची बन सके ताकि लोकसभा चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न हो।

## मगेदा में विधायक उसेंडी ने मशाल जलाकर किया शुभारंभ





**कोण्डागांव।** विकास खंड माकड़ी के लिए स्तरीय त्रिदिवसीय शारीरिक बौद्धिक सांस्कृतिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ स्थानीय विधायक लता उसेंडी द्वारा ग्राम मगेदा में किया गया। उन्होंने इस दौरान कहा कि यहां के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अन्तर्राजीय स्तर पर गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल, ब्रांज मेडल जीता है, मेरी शुभकामना है कि आगे की खेलों में अपनी जौहर दिखाते रहें विकास खंड जिला एवं राज्य सहित देश का नाम रोशन करें।

## मंत्री केदार के प्रथम मर्दापाल आगमन पर हुआ स्वागत



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ शासन में वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री के पदभार ग्रहण पश्चात स्थानीय विधायक केदार कश्यप के प्रथम मर्दापाल आगमन पर उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। मर्दापाल क्षेत्र के ग्रामीणों ने यहां मोटर साइकिल रैली निकाली। इसके साथ ही यहां पारंपरिक लोक नृत्य के बीच उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा आतिशबाजी की गई।

## 42 वर्षों में एक जगह रहते हुए निरंतर अपना कर्तव्यों निभाया

# शिक्षक निहाल सिंह नागे एवं मानकूराम नाग को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनौरा




केशकाल विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम आंवरी शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक एनएस नागे तथा माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक मानकु राम नाग का 3 जनवरी को शाला परिसर में हर्षोल्लास के साथ ही दुःख भरे भावुक क्षणों के साथ विदाई दी गई। बताते चलें कि प्राथमिक शाला आंवरी में पदस्थ शिक्षक एनएस नागे ने 04 सितंबर 1984 को इस गांव के प्राथमिक शाला में पदभार ग्रहण किया था। इन 42 वर्षों में एक जगह रहते हुए निरंतर अपने कर्तव्यों का फर्ज निभाया। जब इन्होंने शाला में ज्वाइन लिया तब यहां छात्रों की दर्ज संख्या काफी नगण्य थी। सुदूर गांव होने के चलते गांव के प्रारंभ में ही पड़ने वाली नदी में पुल न होने से आवाजाही में दिक्कतों का सामना करते शाला आवाजाही किया करते थे। पुल नहीं होने के साथ इस गांव में पक्की सड़क मार्ग से भी जुड़ाव नहीं था। यही नहीं इस गांव में शिक्षा का स्तर काफी निचले स्तर पर था,जहां इस शिक्षक के अथक प्रयासों से लगातार इस सुदूर गांव में शिक्षा के स्तर में सुधार आया। देर सही छत्तीसगढ़ राज्य उदय के बाद यहां नये शाला भवन बनाये गये साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला की सौगात भी मिली। गांव में शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक निहाल सिंह नागे की सेवा उपरांत 31 दिसंबर 2023 को शासकीय सेवा नियमानुसार सेवानिवृत्ति हो गई। इसके साथ ही माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक मानकू राम नाग 30 नवंबर 2023 को नियमानुसार सेवानिवृत्ति हो गए थे। जहां ग्रामवासियों की नेक विचारों से एक साथ स्कूली छात्र छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुति तथा गांव के पंचायत जनप्रतिनिधियों के मध्य देर शाम तक आयोजन चलता रहा। बिदाई समारोह में ग्राम के सरपंच संगदेव नेताम के साथ ही तुलाराम नेताम, सोना राम यादव, बालसाय मरापी, लखन नेताम,सखराम नेताम, सुरेश पद्दा, भुपति चौहान, बंशीलाल, विक्रम नेताम, पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका रेणुलता श्रीवास्तव, कल्पना सिंह बैस, दुर्गेश्वरी निषाद, मनोरमा कुपाल, प्राथमिक शाला के शिक्षक व्यासनारायण साहू, बीरेंद्र नरेटी ग्राम की महिलाओं में कंसबाई पटेल, चिंतई बाई नेताम,पार्वती शोरी,अनुसुईया शोरी, जयबती मरकाम दोनों शिक्षकों की धर्म पत्नियां परिवार के लोग शामिल हुए। साथ ही सैकड़ों की संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### लोकसभा चुनाव तैयारी...

उक्त बातें कहीं। राज्य सरकार ने बीती रात को 88 आईएएस का स्थांतरण किया, जिसमें 18 जिलों के कलेक्टरों का भी स्थांतरण किया गया, जिसमें कांकेर जिला भी प्रभावित हुआ। जिले की कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, संचालक तकनीकि शिक्षा, रोजगार एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई वहीं गृह विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिंह को कांकेर का कलेक्टर बनाया गया। नवनियुक्त कलेक्टर अभिजीत सिंह दोपहर बाद कांकेर पहुँचे और कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पहले से आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में मीडिया व राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से सायं 5 बजे मुलाकात किया। मीडिया से मुलाकात करते हुए कहा कि मेरी जिले के प्रत्येक मतदाता से अपील है कि लोकसभा चुनाव के पहले कल 6 जनवरी से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो रहा है, उसके तहत मतदाता सूची का अवलोकन करें और नाम जोड़ने व विलोपित करने के लिए निर्धारित प्रोफार्म में आवेदन करें। जिले में महिला मतदाता अधिक है, इसलिए महिला मतदाता, नए मतदाता, दिव्यांग मतदाता से अपील है कि आपके नाम नहीं जुड़े है, अपने अपने नाम जुड़वा लें। नवनियुक्त कलेक्टर ने मीडिया से बात करते हुए कहा शासन की जो प्राथमिकताएं है, उन पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा जनता की समस्याओं को प्रमुखता से निराकरण किया जाएगा। शहर व जिले की जो भी प्रमुख समस्याएं है, उनका भी निराकरण करवाने की पहल किया जाएगा।

### बोर्ड परीक्षाओं की...

परीक्षा के भय को दूर कर अति महत्वपूर्ण प्रश्नों और बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए परीक्षा कक्ष में लेखन कौशल और प्रश्नों के सटीक उत्तर लिखने और सवालों को क्रमबद्ध व चरणबद्ध हल करने का तरीका बताएं। समय प्रबंधन कर ज्यादा से ज्यादा प्रश्नों के उत्तर और सवालों को हल कर सकते में सक्षम बनाने प्रेरित करें।

### बिहान योजना से...

योजना के अंतर्गत उन्होंने स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए 1 प्रतिशत की ब्याज दर पर लगभग 1 लाख रूपए की राशि का ऋण लिया। इस ऋण की राशि से उन्होंने कपड़े की दुकान शुरू की। उन्होंने बताया कि कपड़े के व्यवसाय से उन्हें लगभग 6 हजार रूपए प्रति माह की आमदनी प्राप्त हो रही है। इस राशि से उनके परिवार के खर्चे में काफी राहत मिली है और बच्चों की पढ़ाई में भी मदद मिल रही है। श्रीमती ममता ने कहा कि इस योजना से समूह की अन्य महिलाएं भी लाभान्वित हुई हैं और स्वयं का रोजगार शुरू कर घर चलाने में परिवार की मदद कर रही हैं। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस योजना का लाभ उठाकर कई ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर व सशक्त हो रही हैं।

### मॉडल कॉलेज में...

रहे व लड़कियों में अंकिता कोर्राम व डेनिडा ओरसा ने विजय हासिल किया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता एवं कार्यालयीन सदस्य उपस्थित रहें।

### संकल्प यात्रा के दौरान...

उपयोग करने के लिए शासन के द्वारा निरंतर प्रोत्साहन दिया जा रहा हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत किसानो को ग्राम क्षेत्रो मे लगातार प्रदर्शन के माध्यम से खेती किसानी मे ड्रोन पध्दति को अपनाने के लिए प्ररित किया जारहा है। ड्रोन प्रदर्शन के दौरान ग्राम सरपंच दुष्यंत मण्डावी, मण्डल उपाध्यक्ष हाराडुला मनोज सिन्हा, मण्डल अध्यक्ष हाराडुला राजकुमार रायस्त, रामकुमार कुरेटी, जनपंद सदस्य सुरूची सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, सीईओ जीएस कंवर, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी कमलेश गंजीर व अन्य लोग उपस्थित रहें।

### जिला साहू समाज द्वारा...

किया गया, जिसमें समस्त साहू समाज ने प्रत्येक ग्राम से शत प्रतिशत उपस्थिति, जाने आने की व्यवस्था पर परिचर्चा किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी, तहसील पदाधिकारी, युवाप्रकोष्ठ, आईटी प्रकोष्ठ एवं कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

# सुंडी समाज ने विधायक किरण को भेंट में दिये स्मृति चिन्ह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ से सुंडी समाज के पदाधिकारियों ने आज मुलाकात की। इस अवसर पर उन्हें समाज की ओर से गणेश भगवान की स्मृति चिन्ह भेंट में दी गई। इस दौरान सुंडी समाज के संरक्षक दयाराम सेठिया, शिवलाल सेठिया, जितेंद्र सेठिया, कोषाध्यक्ष कमल सेठिया, टिल्लू सेठिया, संतोष सेठिया, गणेश सेठिया, थैलेश सेठिया, बाबूराम सेठिया, विनोद सेठिया, गोविंदा सेठिया, नीलम सेठिया, गणेश सेठिया, उमेश सेठिया, ओमप्रकाश सेठिया, तरुण सेठिया, तुलसी सेठिया, महेंद्र सेठिया एवं सुंडी समाज के अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ से राम लला का है बंधुत्व का नाता

# हर वर्ग की हो सहभागिता राजकीय अवकाश की मांग

### राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री बृजमोहन व केदार को लिखा पत्र

## 22 जनवरी को हर कोई सहभागी बनना चाहता है प्राणप्रतिष्ठा का

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

राम जन्मभूमि में 22 जनवरी को होने वाले आयोजन को लेकर सभी वर्गों में उल्लास का वातावरण निर्मित है। देश-विदेश के साथ-साथ गांव मोहल्ला भी अपने-अपने स्तर से 22 जनवरी को भव्यता देने को आतुर है।

इसी तारतम्य में सुकमा जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिख कर उक्त दिवस पर राजकीय अवकाश घोषित करने हेतु आग्रह किया है।

22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सभी क्षेत्रों में आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं सुकमा जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित मंत्री बृजमोहन अग्रवाल व केदार कश्यप को पत्र लिख कर निवेदन करते हुए 22 जनवरी को राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की है।

### आध्यात्मिक माहौल होगा निर्मित



भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राठी ने अपने पत्र में लिखा कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में इस समय राममय वातावरण निर्मित हो रहा है। सिर्फ देश-प्रदेश में ही नही बल्कि विश्व में जहां भी राम भक्त है, वहां आध्यात्मिक माहौल निर्मित हो रहा है। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होना है, जिसे लेकर जनमानस में उत्सव का माहौल है। यह आम जनमानस हिन्दू भावना और भारतीय संस्कृति के आदर्श का विषय है।

### दंडकारण्य से है वनवास का नाता

राठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का धाम व रामलला का ननिहाल है। निश्चित ही श्री राम से हमारा बंधुत्व का नाता है, छत्तीसगढ़ और महाकाव्य रामायण का बहुत ही गहरा और प्राचीन संबंध है। प्रभु श्रीराम ने वनवास काल का काफी समय छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य में बिताया था, और राम वनगमन पथ भी दंडकारण्य क्षेत्र की भूमि भी इतिहास में दर्ज हो चुकी है और प्रदेश की सरकार भी रामरामिन मंदिर व इंजरम को संवारने की दिशा में कार्य कर रही है।



### आध्यात्मिक होगा प्राण प्रतिष्ठा दिवस

छत्तीसगढ़ व खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में इस लिहाज से राम मंदिर को लेकर प्रदेश में भावनात्मक लगाव भी है। छत्तीसगढ़ से हजारों लाखों राम भक्त भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या जाने कि तैयारियों में जुटे हुए है। हम सभी अपने प्रिय भांजे रामलला के दर्शन सौभाग्य के लिए व्याकुल है। इस दिवस के अवसर पर जहां पूरे विश्व में दीपावली से भी बड़ा पर्व होगा, तो छत्तीसगढ़ भी इस पूरे आयोजन दिवस पर अपनी भक्तिभाव से ओत-प्रोत होकर अपने परिवार जनों के साथ महान पर्व को मनाना चाहेगा। इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक दिवस के अवसर पर राजकीय अवकाश घोषित करने से छत्तीसगढ़ वासियों का उत्साह दुगुना हो जायेगा।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का संवाहक रासेयो : विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठियागुड़ा का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बाघनपाल में आयोजित किया गया।

समापन दिवस पर बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद में भी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराने का अवसर मिलता है। शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण कड़ी की तरह राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयां कार्य करती हैं। प्राचार्य एवं अध्यक्षता कर रहे जेसी. मौर्य ने अपने संबोधन में एनएसएस. इकाई द्वारा किए गए विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्ता को बताया।

उप प्राचार्य उमाशंकर ठाकुर ने अपने उद्बोधन में सात दिवसीय शिविर आयोजन में ग्राम वासियों के सहयोग के प्रति आभार प्रगट करते हुए सभी वॉलंटियर्स को हमेशा राष्ट्र के सेवा में तत्पर रहने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बाघनपाल के समस्त ग्रामवासी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी ने किया सिविक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सीआरपीएफ 231वीं वाहिनी द्वारा नक्सल प्रभावित बस्तर में सीएपी कार्यक्रम सुरक्षा बढ़ाते हुए सामाजिक समृद्धि की दिशा में अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम स्कूलपारा एवं करेर्पारा थाना जगरगुण्डा में शिविर लगाकर ग्रामीणों को मच्छरदानी, सोलर स्ट्रीट लाईट एवं बच्चों को किताब, कॉपी, पैन एवं युवाओं को बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, बॉलीवॉल, फुटबॉल एवं बैडमिंटन इत्यादि वितरित की गई। इसी के साथ ग्रामीणों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विकाश कुमार सहायक कमाण्डेंट, डॉ रवि प्रकाश सोनकर चिकित्सा अधिकारी एवं सोलंकी विजय कुमार, मनोहर राव सहायक कमाण्डेंट व गांव कोण्डासांवली के सरपंच, अन्य अधीनस्थ अधिकारी, जवान तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सुरेन्द्र सिंह कमाण्डेंट 231वीं बटालियन ने ग्रामीणों को यह संदेश दिया कि युवाओं के समग्र विकास के लिए खेल कूद की सामग्री व शैक्षणिक सामग्री इस दूरस्थ इलाके में उपलब्ध करवाकर हम लोग बच्चों एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रयासरत है। हम अपने क्षेत्र के ग्रामीणों के स्वास्थ्य, कृषि, जलसुविधा व मनोरंजन हेतु खेलकूद के क्षेत्र में और बेहतर योगदान देना चाहते है। ग्रामीणों के साथ मिलकर उनकी दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या में हम ग्रामीणों के साथ खड़े रहेंगें। उन्होंने कहा इस प्रकार के विकासात्मक कार्य से सुरक्षाबलों एवं ग्रामीणों के मध्य रिश्ते और प्रगाढ़ होंगे और विकास एवं शांति की भी राह प्रशस्त होगी।

# विहंगम योग संत समाज ने किया विश्व शांति वैदिक महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



नव वर्ष के आगमन पर विहंगम योग संत समाज के द्वारा विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। संत समाज के द्वारा मां दंतेश्वरी के पावन पवित्र भूमि आवराभाटा दुर्गा मंच में एक कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ एवं भजन सत्संग का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विधायक ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा नेत्री मीरा तिवारी बैलाडीला, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता, भाजपा नेत्री उषा किरण उपस्थित रही। सभी अतिथियों ने यज्ञ में बैठकर आहुतियां दी। उसके पश्चात विधायक का संत समाज के सैंकड़ों गुरु भाई बहनों ने आत्मीय स्वागत करते हुए पुष्प माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया। साथ में आए हुए भारतीय जनता पार्टी की बहनों का भी पुष्प माला द्वारा स्वागत किया गया। विधायक ने अपने वक्तव्य में विहंगम योग समाज के समस्त पदाधिकारियों को एवं गुरु भाई बहनों को संबोधन करते हुए कहा कि मुझे आप सभी के सहयोग व सद्गुरु भगवान की कृपा से विधायक के रूप में सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है। आज विहंगम योग संत समाज द्वारा ग्रामीण अंचलों तक अपना विशेष अभियान चलाकर विभिन्न कुरीतियां, विसंगतियां, मांस मदिरा का सेवन एवं धर्म परिवर्तन की रोकथाम के लिए विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है।

मैं सेवा के रूप में संत समाज की जो भी समय-समय पर आवश्यकताएं होगी पूर्ण करने का प्रयास करूंगा। संत समाज ने सभी मुख्य अतिथियों को स्वर्वेद महा ग्रंथ भेंट किया।

### गुरु भाई बहनों ने लिया संकल्प

संत समाज के जिला संयोजक लल्लू प्रसाद गुप्ता ने आभार प्रकट करते हुए और मुख्य अतिथियों के आश्वासन के द्वारा संत समाज को अनेक ग्रामों में पहुंचकर जन-जन मन मन तक स्वर्वेद ग्रंथ घर-घर तक पहुंचाने का सभी पदाधिकारी को, गुरु भाई बहनों को संकल्पित कराया। स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन व निर्माण में दंतेवाड़ा जिले एवं बस्तर संभाग से हजारों हजार वन अंचलों से गुरु भाई बहनों का सहयोग रहा। सद्गुरु महाप्रभु की कृपा सभी पर सदैव बनी रहे। इस कार्यक्रम में सद् गुरु के अनन्य शरण शिष्य महेश्वरानन्द नेताम, सहसंयोजक मनीराम, रूप सिंह, दिलीप कश्यप, मुन्ना, सुदराम मंडावी, सुखमन नाग, भगीरथ मौर्य, सुखमन करताम, छबीलाल कोर्राम, सुखराम कश्यप, सुरेश ठाकुर, पदम, जगदीश यादव, बुधराम, पप्पू भास्कर, पप्पू ठाकुर, लक्ष्मण भास्कर, मनकू राम, मातृशक्ति शांति नाग, गायत्री महापात्रे, यशोदा रामटेके, प्रतिभा ठाकुर, उपदेष्टा मुड़े एवं अन्य मातृ शक्तियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सद्गुरु महाप्रभु की गुरु शिष्य प्रार्थना, आरती, शांति पाठ, जय घोष के द्वारा समापन किया गया।

# सत्ता जाने से बौखलाए विधायक का असली चेहरा आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कुकानार थाना क्षेत्र में कोंटा के विधायक पूर्व मंत्री कवासी लखमा के खिलाफ गाली गलौज एवं धमकी देने के मामले में एक व्यक्ति द्वारा एफआईआर दर्ज कराने को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कोंटा के विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहां कि सड़क छाप गुंडे की तरह कोंटा के विधायक के व्यवहार से लोकतंत्र शर्मसार हुआ है। सत्ता के जाते ही कवासी लखमा का असली चरित्र सबके सामने आ गया। बारसे ने कहा सत्ता जाने के सदमे से बौखलाये कोंटा के विधायक मानसिक संतुलन भी खो चुके हैं। जिस जनता ने उन्हें 6 बार विधायक बनाया और जिस जनता जनार्दन के बलबूते पर 5 साल मंत्री रहे। उसी जनता के साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय हैं। कांग्रेस पार्टी का संस्कार ही है जनता को अपना गुलाम समझना। वहीं भारतीय जनता पार्टी के विधायक एवं सांसद अपने आपको जनता का प्रधान सेवक समझते हैं। मंत्री रहते ही कवासी लखमा लोगों को अपना गुलाम समझते थे, विधानसभा चुनाव के समय भी लोगों को डरा धमका कर बाहुबल का सहारा लेकर चुनाव जीते एवं चुनाव के दो दिन पहले स्थानीय जनप्रतिनिधि को गाली गलौज करते हुए वीडियो भी वायरल हुआ एवं चुनाव के समय आदिवासियों का भी अपमान करने का वीडियो वायरल हुआ था। सिर्फ पैसे एवं बाहुबल से लोगों को डरा धमकाकर वो इस बार विधायक तो बन गए। लेकिन अब जनता उनसे डरने वाली नहीं,अब जनता विधायक के गुंडागर्दी के खिलाफ आवाज उठाने लगी है, अब उनका दमन तय है। आज कुकानार थाने में एक व्यक्ति के द्वारा गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी के शिकायत से सिद्ध होता है कि कवासी लखमा अपनी जनता का सम्मान नहीं करते, वह जनता को अपना गुलाम समझते हैं। एफआईआर जो वायरल हुआ है उसमें साफ लिखा हुआ है कि किस तरह से विधायक कवासी लखमा प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देकर यह कह रहे हैं कि मैंने कितनों को मौत के घाट उतारा हैं। इस तरह के गंभीर शिकायत पर पुलिस प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। बारसे ने कहा नैतिकता के आधार पर उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए और कांग्रेस पार्टी को भी अपने पद के मद में चूर स्थानीय विधायक पर कार्रवाई करनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी कवासी लखमा के इस कृत की निंदा करती हैं।



धनीराम बारसे

### बाबा रामदेव मंदिर में राम मंदिर के उद्घाटन संबंधी हुई बैठक

भव्य पूजा अर्चना के साथ होगा भंडारा

# दीपावली की तरह सजेगा नगर कारसेवकों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा/गीदम



जिले की व्यवसायिक नगरी गीदम के बाबा रामदेव मंदिर समिति एवं व्यापारी संघ द्वारा 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन के संबंध में आज बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान नगर में अयोध्या की भांति भव्यता के साथ राम मंदिर उद्घाटन समारोह को श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं श्रीरामदेव बाबा मंदिर समिति के तत्वाधान में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर के सभी समाजों के प्रमुख उपस्थित रहे एवं अपने-अपने सुझाव दिये। इस दौरान पिछले आयोजन की सफलता एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए राजेश गुप्ता को ही पुनः श्री राम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक के दौरान राम मंदिर उद्घाटन को दीपावली पर्व की तरह मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही गीदम के सभी मंदिरों को सजाने एवं मंदिरों में पूजा पाठ करने का निर्णय लिया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य राम मंदिर उद्घाटन में सभी वर्गों की सहभागिता एवं इसे भव्यता के साथ करना है।

### अयोध्या से होगा लाइव प्रसारणः विधायक

बैठक में शामिल दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि राम मंदिर उद्घाटन समारोह को जिले में दीवाली की तरह मनाया जाएगा। साथ ही जिले में बड़े पर्दे में उद्घाटन समारोह को दिखाने की कोशिश की जाएगी। अटामी ने कहा कि राम मंदिर उद्घाटन के दिन सभी जगह साफ-सफाई, मंदिरों में लाईट, घरों में दिए जलाएं। कार्यक्रम को पर्व की तरह मनाएं। साथ ही इस भव्य उद्घाटन समारोह में सभी नागरिकों की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

### कार सेवकों का होगा सम्मान

श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं श्रीरामदेव बाबा मंदिर समिति ने बैठक के दौरान निर्णय लिया कि श्रीराम जन्मभूमि उद्घाटन के दिन अयोध्या आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कार सेवकों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही इस आंदोलन में मारे गए कार सेवकों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। जबकि बुजुर्ग हो चुके कार सेवकों के घर जाकर सम्मान किया जाएगा। गौरतलब है कि अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के उद्घाटन का समय तय हो गया है। इस शुभ कार्य के लिए 22 जनवरी 2024 की तारीख और 12.29 मिनट का समय तय किया गया है। अभिजीत मुहूर्त में यह कार्यक्रम होगा। इसी तारीख और शुभ मुहूर्त में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। अयोध्या में इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के एक हफ्ते पहले से पूजा-पाठ का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा।

# माता-पिता ही गर्भस्थ शिशु के होते हैं जेनेटिक इंजीनियर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

गायत्री परिवार बीजापुर शक्तिपीठ द्वारा सुसंस्कृत पीढ़ी के निर्माण के लिए सभी ब्लाकों में गर्भ संस्कार जनजागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। ग्रामीण को गर्भ संस्कार का महत्व बताते हुए जागरूक किया गया कि गर्भ में बच्चे के मस्तिष्क का 80 प्रतिशत विकास हो जाता है। गर्भस्थ शिशु गर्भ में सुनता है,आवाज। महक, स्वाद आदि के प्रति प्रतिक्रिया भी दर्शाता है। खुशी, दुख,तनाव को भी पहचानता है। सबको अवगत कराया गया कि शारीरिक ही नही मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक दृष्टि से स्वास्थ्य कैसे गढ़ा जाये। ऋषि परम्परा ,वैदिक काल, इतिहास काल की उन नारियों का उदाहरण देकर गर्भवतियों को बताया गया कि आज भी शिशुओं को मन चाहे सांचे में ढाला जा सकता है। माता-पिता शिशु के जेनेटिक इंजीनियर होते है। गर्भवतियों को आदर्श दिनचर्या, योग, प्राणायाम, ध्यान, संतुलित, सात्विक, संस्कारित आहार बताए गए। बच्चे के भीतर संस्कार स्थापित करने के 10 तरीके बताए जिसे गर्भ संवाद कहते है। सभी विषयों को दुर्ग से आई गर्भ संस्कार की सक्रिय कार्यकर्ता बहिनें मीनाक्षी विश्वास और यामिनी साहू की टोली ने संपन्न कराया। कार्यक्रमों में 1 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व दीपयज्ञ के साथ संस्कार सम्पन्न कराया गया। साथ ही गर्भवती माताओं को सत्साहित्य अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना, प्रज्ञा पाक्षिक, गायत्री मंत्र लेखन, गर्भ संस्कार की पुस्तिका तथा संस्कारित भोजन बनाने हेतु बलिवैश्य देव यज्ञ स्टीकर निशुल्क दिया गया।

### शीतकालीन छुट्टियां खत्म

# बीईओ ने किया शालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

खंड शिक्षाधिकारी ने शीतकालीन छुट्टियां खत्म होते ही शालाओं का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पाया कि कुछ स्कूलों व आश्रम शालाओं को छोड़कर शेष स्कूलों और आश्रम शालाओं में शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित हैं। लेकिन बच्चों की संख्या कम हैं या नगण्य है। वहीं कुछ स्कूलों और आश्रम शालाओं में शिक्षक व शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए। खंड शिक्षाधिकारी ने इन सभी को नोटिस जारी कर निश्चित समय दिये है। यदि निश्चित समय पर स्कूलों और आश्रम शालाओं में शिक्षकों व शिक्षिकाएं सुधार नहीं कर सके तो सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।



खंड शिक्षाधिकारी कंडिक नारायण ने शीत कालीन छुट्टियां खत्म होते ही निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कन्या आश्रम शाला दुधेड़ा में बच्चों की संख्या असंतोषजनक रही। शिक्षक मिच्चा लक्ष्मण को सख्त हिदायत दी कि दो दिन के भीतर बच्चों की संख्या संतोषजनक नहीं मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक शाला पेबासागड़ा पदस्थ शिक्षिका अनुपस्थित पायी गई। माध्यमिक शाला गोरला में शिक्षक उपस्थित थे किंतु बच्चों की संख्या कम थी। बालक प्राथमिक आश्रम शाला गोरला में शिक्षक उपस्थित थे किंतु आश्रम अधीक्षक मोहन पनवलकर अनुपस्थित थे और बच्चों की संख्या कम थी। प्राथमिक शाला पटेलपारा में पदस्थ शिक्षिका शकुंतला दुर्गम अनुपस्थित थी। माध्यमिक एवं हाईस्कूल पेगड़ापल्ली में शिक्षक उपस्थित थे किंतु बच्चों की संख्या कम थी। इसी तरह हाईस्कूल पोटाकेबीन पेगड़ापल्ली में शिक्षक उपस्थित थे किंतु बच्चों की संख्या कम थी।

खंड शिक्षाधिकारी कंडिक नारायण ने कहा कि निरीक्षण के दौरान उपस्थित शिक्षक और शिक्षिकाओं को सख्त निर्देश दिये कि दो दिन के भीतर बच्चों की संख्या संतोषजनक नहीं मिलने पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं अनुपस्थित शिक्षक व शिक्षिकाओं को नोटिस जारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पीएससी गड़बड़ी की जांच करने की घोषणा का स्वागत



**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा मंडल अध्यक्ष भानु प्रतापपुर नरोत्तम सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार 3 जनवरी को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा पीएससी परीक्षाओं में हुई अनियमिताओं की सामने आई शिकायतों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई को सौंपे जाने के लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। श्री चौहान ने कहा की इससे युवाओं के साथ भर्ती में हुये अन्याय का परिमार्जन होगा और दोषियों को उनके धत कर्मों की कड़ी सजा मिलेगी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2021 में अनियमिताओं को लेकर भाजपा और भाजपा युवा मोर्चा ने युवाओं के साथ तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ मुखर आंदोलन किए थे. सीजीपीएससी की भर्ती विवादों में रही है इसमें आयोग के तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी राज भवन में सेक्रेटरी अमृत खालको समेत कई अफसर के बेटे बेटियों और रिश्तेदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्ति के आरोप लगे थे इसे लेकर अभ्यर्थियों ने नग्न होकर प्रदर्शन तक किया था लेकिन भूपेश सरकार ने युवाओं के साथ हुए अन्याय पर ध्यान नहीं दिया।

### छात्राओं को सुरक्षा की दी गई जानकारी



**कांकेर।** आदिवासी कन्या छात्रावास भानुप्रतापपुर की छात्राओं को गुड-बैड टॅच, छेड़छाड़, आत्मरक्षा, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, स्वच्छता, पढ़ाई और कैरियर पर चर्चा डीएसपी अधीक्षक मुख्यालय नूपुर उपाध्याय के नेतृत्व में महिला रक्षा टीम तथा महिला सेल द्वारा किया गया। टीम ने छात्रों को भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मोबाइल द्वारा उप पुलिस अधीक्षक तथा महिला रक्षा टीम को बताने कहा।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**सुकमा।** कलेक्टर हरिस.एस ने गुरूवार को जिले के धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल, पुसपाल और पुसपाल चेकपोस्ट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र गुडरा, कोडरीपाल और पुसपाल में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली।

# सीओबी के शिविर में उपचार के बाद ग्रामीणों को जरूरत के सामान बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राकेश सिन्हा, कमांडेंट 81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल की अगुवाई में सी. ओ. बी. चारगाँव व सी. ओ. बी. ईटाबालका द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत राजकीय माध्यमिक स्कूल (कडमे) तथा राजकीय प्राथमिक स्कूल( छिनभट्ट) में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को बांटे जरूरत के सामान व राजकीय माध्यमिक स्कूल (कडमे) में लगाया चिकित्सा जांच शिविर।

इस कार्यक्रम में सी. ओ. बी. चारगाँव व सी. ओ. बी. ईटाबालका के अंतर्गत आने वाले ग्राम- कडमे, संडवापारा, नवगेल, अलकनार, छिंदभाट, भुरखापारा, कट्टापारा और घुमर के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि का वितरण किया। साथ में राजकीय माध्यमिक स्कूल, कडमे में ग्रामीणों की चिकित्सक जांच कर उनको बाटी दवाईयां।

इस प्रोग्राम में सी. ओ. बी.चारगाँव के क्षेत्र में डॉक्टर फैज़ अहमद खान (एसएमओ), इंस्पेक्टर विकास कुमार के साथ रूखी नरेती (सरपंच गांव- कदमे, पंचायत- कदमे), एसएच शंकर उसेंडी (प्रधान अध्यापक शासकीय हाई स्कूल कदमे), कुसुम खभोयार (प्रधान अध्यापक शासकीय प्राथमिक विद्यालय नागेल) तथा सी. ओ. बी. ईटाबालका के क्षेत्र में इंस्पेक्टर राजेश कुमार के साथ राजू नरेटी (सरपंच ग्राम-छिंदभाट), देवी सिंह बघेल (पूर्व सरपंच ग्राम छिंदभाट), लाल दास वर्मा (शिक्षक मध्य विद्यालय गुमर), परमिला उइके (अध्यापिका प्राथमिक शाला छिंदभाट), आशीष कुमार गावड़े (वार्ड सदस्य) साथ में स्कूल के बच्चे भी उपस्थित थे।

**खेल सामग्री और स्टेशनरी किट बच्चों को दिया गया**




## स्वागत : वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग की

# विधानसभा अध्यक्ष व स्कूल शिक्षा मंत्री का टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शिक्षक एलबी संवर्ग के मांगो को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात कर समस्याओं को अवगत कराया। टीचर्स एसोसिएशन ने मुलाकत करके बुके भेंट कर स्वागत किया व मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेखित है कि पूर्व सेवा (शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना किए जाने, पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष करने, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर किया करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नति वेतन मान देने, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, व्याख्याता, प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति करने, केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि जुलाई 2023 से लंबित 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने की माँग करने की माँग किया। पदोन्नति संशोधन पश्चात सहायक शिक्षकों द्वारा शिक्षक व प्रधान पाठक के पद पर कार्यभार करते हुए सेवाएं दी गई थी, उक्त अवधि में उन्हें संशोधित शाला से कई माह का वेतन भुगतान भी किया गया है, तत्पश्चात उन्हें संशोधित शाला से पृथक किया गया है। वर्तमान में ऐसे पीड़ति शिक्षकों को विगत 4 माह से वेतन भुगतान नही हुआ है, जिससे वे समस्या ग्रस्त है। पदोन्नति संशोधित शाला में स्थाई पदस्थापना का लिखित आदेश जारी करते हुए विगत 4 माह के वेतन भुगतान करवाने की माँग किया है।

शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि पदोन्नति संशोधन पीड़ति शिक्षकों को सोमवार को शाला में ज्वाइनिंग कराया जाएगा, वही संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर द्वारा 18 माह पुराना बिना काउंसलिंग वाले 533 शिक्षकों की सूची को गलत तरीके से शामिल करने पर इसकी जांच कर दोषी तत्कालीन अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए इनका नाम विलोपित करने की मांग का ज्ञापन भी सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी, जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला, सचिव किशोर विश्वकर्मा, दीन दयाल ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## भिरौद एवं अभनपुर में विकसित भारत बनाने के लिए दिलाया गया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत भिरौद एवं अभनपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल महामंत्री टेकेश्वर सिंन्हा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

आयोजित कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रशस्ति प्रमाण पत्र, सुपोषण किट से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मेरी कहानी-मेरी जुबानी के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ एवं उनके जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला जयरामनगर के प्रांगण में आम और अमरूद के पौधे का रोपण भी किया। एनबती कोराम ने कहा कि विकसित भारत यात्रा के तहत गांव-गांव में प्राकृतिक खेती के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। खेतों में रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बहुत ही खतरनाक है। यह हमारी फसलों को जहर बनाता है और इससे कई तरह की बीमारियां होती हैं। उन्होंने सभी किसानों से अधिक से अधिक जैविक खाद का उपयोग कर प्राकृतिक खेती को अपनाने को कहा।

उपस्थित ग्रामीणों को शिक्षा की महत्ता बताते हुए अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने और नशा पान से दूर रहने की अपील भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच लताबाई नेताम, सरपंच भाऊराम भास्कर, मानुराम भास्कर, राजेश कुजाम, मनु नेताम, विष्णु सिन्हा, लक्षमण सरोज, संतोष निषाद, प्रभात ठाकुर एवं भारी मात्र मे गांव के ग्रामीण उपस्थित रहें।



## फुटबॉल प्रतियोगिता में पहुंचे पूर्व विधायक

**कांकेर।** सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरोना युवा क्लब के द्वारा चार दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ पूर्व विधायक शंकर ध्रुवा के मुख्य अतिथि एवं सरपंच सूरज कोर्राम की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि जीत से हमें और आगे बढ़ने की प्रेरणा और हार से कमियों को सुधारने का अवसर मिलता है। खिलाड़ी अपने मेहनत व पुरुषार्थ से अपनी पहचान बनाकर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करता है। यदि अभ्यास पर ध्यान देते हुए टीम भावना से परिश्रम किया जाता है तो उसके सफल परिणाम आते हैं।

## डुवा टीम ने सटेली बी को हरा कर बना चैंपियन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के अंतर्गत ग्राम सटेली में पाँच दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक रखा गया था। प्रतियोगिता में प्रथम डुवा की टीम रही जिसे 10 हजार रूपएं, द्वितीय सटेली बी 5 हजार रुपएं, तृतीय सटेली ए 3 हजार रूपएं के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। फाइनल मैच डुवा और सटेली बी के मध्य खेला गया, जिसमें सटेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 ओवर मे 22 रन बनाया, जिसका जवाब में डुवा की टीम 1.3 ओवर मे 23 रन बना कर विजयी हुए।

प्रतियोगिता के समापन के दौरान मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल अध्यक्ष पीलम नरेटी, अध्यक्षता ग्राम प्रमुख सिवलाल नरेटी, विशेष अतिथि जनपद सदस्य भानुप्रतापुर कमलेश निषाद, देवेन्द्र टेकाम, राधिका नरेटी, सननु नरेटी, रविद, नाथू नरेटी, मशा, पुरन, मनीष, धमेश, गोपी एवं ग्राम गायता बुधराम नरेटी, रितेश नरेटी, देवेन्द्र नरेटी, रोशन नरेटी, विकेश नरेटी, तुषार नरेटी, विकी, रोहित, सुभाष, रोहन, विकाश, लोचन, वाशु, लोकेश, प्रमोद, लोमू, करन, भूपेंद्र, शेखर व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।

## एनएसएस कैंप में बच्चों ने सफलता पाने के सीखे गुर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल दुधावा के छात्र-छात्राओं द्वारा ग्राम देवडोंगर में सात दिवसीय कैंप संचालित किया जा रहा है। कैंप के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को नैतिक शिक्षा, व्यक्तित्व विकास, समय प्रबंधन, नशा मुक्ति, समाज सेवा, राष्ट्रीय चेतना के साथ साथ लक्ष्य पर सफलता प्राप्त करने के गुर सिखाए जा रहे है। पूर्व सैनिक भीखम साहू बुधवार को बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुए और रक्षा क्षेत्र की उपलब्धियों के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में जाने के विभिन्न माध्यमों के बारे में जानकारी दिया। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अनुशासन और समय प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया और अपने अनुभव को साझा करते हुए वर्तमान समय में होने वाली कठिनाइयों के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं और पूर्व सैनिक के बीच सवाल जवाब का लंबा सिलसिला चला, जिसमें जिसमें बच्चों के सवाल का जवाब देते हुए उनके लक्ष्य और उसको पूरा करने के प्रयासों के बारे में पूछा गया। इस दौरान हायर सेकेंडरी स्कूल दुधावा के प्रभारी शिक्षक श्याम यादव उपस्थित रहें।

## विधायक लखेश्वर बघेल ने महारानी अस्पताल का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधायक लखेश्वर बघेल ने शासकीय जिला महारानी अस्पताल के आपात कालीन कक्ष, सर्जिकल गहन चिकित्सा, गहन चिकित्सा इकाई हमर लैब पैथोलॉजी, ब्लड बैंक, कादम्बिनी, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई आदि स्थानों का जायजा लिया। श्री बघेल ने चिकित्सकों से बातचीत कर वर्तमान में आने वाले मरीजों के प्रकार और संख्या के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर यहां मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में प्रतिक्रिया ली। विधायक ने मरीजों के मार्गदर्शन के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए सूचना व्यवस्था विकसित किए जाने पर जोर देने की बात कही। इस दौरान नेता दिनेश यदु, अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद शामिल रहे।



### कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए शहर जिलाध्यक्ष मौर्य

**जगदलपुर।** कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य गुरुवार को जमावड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शामिल हुए। मौर्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजनकर्ताओ ने शहर अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत किया।

## सर्प काटने से मृतक के परिजनों की मिली सहायता

**कांकेर।** जिले में सर्प काटने से मृत्यु होने के पर चार-चार लाख की राशि स्वीकृत किया गया। आमाबेड़ा तहसील के ग्राम चिखली निवासी 55 वर्षीय सगराम सलाम की सर्प काटने से मृत्यु होने उनकी पत्नि बुधनी सलाम को चार लाख, बांदे तहसील के पीव्ही 74 गौरीशंकरनगर निवासी नरेश तरफदार की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनकी माता-पिता दीनबंधु तथा पूनम तरफदार, ग्राम पानावार निवासी 32 वर्षीय रमा ऐड़ो को सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके आश्रित हरिराम ऐड़ो, ग्राम नागलदण्ड निवासी रविकांत भंडारी को सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनके माता-पिता नाथू और जतून भंडारी, चारामा तहसील के ग्राम हल्बा निवासी लोचन शोरी की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके माता-पिता बालसिंह और सावित्री शोरी और दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम आमाकड़ा निवासी 38 वर्षीय अनिल कुमार दर्रो की सर्प काटने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नि परमेश्वरी दर्रो के लिए को चार-चार लाख रूपएं की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

## सशिमं में सम्मान समारोह आयोजित किया गया

# अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

सरस्वती शिशु मंदिर में गुरुवार अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने कहा जो छात्र - छात्राएं इस परीक्षा में अपना स्थान नहीं बना पाए वे आत्म आंकलन कर वार्षिक परीक्षा में बेहतर करे, और परीक्षा की तैयारी के लिए बड़ा लक्ष्य बनाएं और इसे पूरा करने किये और छोटा-छोटा लक्ष्य बनाकर इसे पूरा करने में जुट जाएं सफलता जरूर मिलेगी और हम अधिक बच्चों को सम्मानित कर पाए। उपाध्यक्ष नरेश जैन ने अच्छा पढ़ाई कर आगे बढ़ने को कहा। संस्था के प्राचार्य थानुराम सिन्हा ने आभार और अजय मंडावी ने संचालन किया।



**परीक्षा परिणाम**

अरूण में प्रथम स्थान उमाक्षी सिंह, द्वितीय स्थान अराध्या यादव, तृतीय स्थान राधवी जैन, उदय में अनमोल पाल, आरुष पाल, श्रेयांश नाथ दास कक्षा पहली में प्रीति साहु, भावना कोर्राम, भावेश चक्रवर्ती, दूसरी में अभिषेक सोनवानी, ऋचा सिन्हा, तुषार साहू, कक्षा तीसरी में स्वाति गोटा, ट्विंकल बागमारे, युक्ति पटेल, कक्षा चौथी में डेनिश मरकाम, पूनम रावटे,आलिया सिन्हा, कक्षा पांचवी में चंद्रकला आंचला, चिराग शांडिल्य, मोनल साहू , छठवीं में हरीश यादव दक्ष सलाम, सुरेंद्र कुमार कुंजाम, सातवी में विद्या चक्रवर्ती, माधवी सिन्हा, लुव्या साहू, आठवीं में मोनाली देवी रावटे, नीलिमा शांडिल्य, प्रतिभा सलाम, नवमीं में पूरब यादव, भैरवी द्विवेदी, ऐश्वर्य कुमार साहू, दसवीं में ओम यदु, वंदना शिंदे, जानवी शिंदे, ग्यारहवीं में खिलपुष्पा साहू दिशीता साहू, गिरिवर शर्मा, बारहवीं में दानेंद्र पुरामे, कीर्तिनारायण साहू, सीमा साहू रहे। इस मौके पर शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

